हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 30 जुलाई 2024, समय 1305 (5 मिनट))

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर सरकार पर अर्थव्यवस्था को भली-भांति न चलाने के आरोप को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि NDA को विरासत में एक खराब अर्थव्यवस्था मिली और उसने इसे दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्था में बदल दिया।नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में श्री गोयल ने आरोप लगाया कि UPA शासन के समय विकास दर आठ प्रतिशत से घटकर 4.4 प्रतिशत हो गई। उन्होंने कहा कि यूपीए शासन के समय देश उच्च राजकोषीय घाटे, उच्च मुद्रास्फीति, कम विकास, बहुत कम विदेशी मुद्रा भंडार और भ्रष्टाचार से जूझ रहा था। लेकिन अब दुनिया विश्व के आर्थिक विकास का नेतृत्व करने के लिए भारत की ओर देख रही है। श्री गोयल ने यह भी कहा कि सरकार ने व्यापक आर्थिक बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है और देश शीघ्र ही सकल घरेलू उत्पाद GDP के आधार पर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में टीजीटी शिक्षकों के लिए आयोजित राज्य स्तरीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह ने 7 हज़ार, 441 टीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये।इस अवसर पर शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, उद्योग मंत्री मूलचंद शर्मा, विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा और बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि उनकी सरकार सत्ता के लिए नहीं बल्कि सेवा के लिए है। मुख्यमंत्री अभिभावक बनकर लोगों की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल सरकार की नीति को आगे बढ़ाते हुए पारदर्शिता से बिना पर्ची व खर्ची के नौकरियाँ दे रहे हैं। मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार में केवल एक विधायक के बच्चे को नौकरी मिली है और वो भी विपक्ष के विधायक

हैं। श्रीमती त्रिखा ने अपने संबोधन में बच्चों को भारतीय संस्कार देने पर बल दिया।

....

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में तेज गति से विकास हुआ है और वंदे भारत जैसी रेलगाड़ी इसका उदाहरण है। मुख्यमंत्री कल चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन से अमृतसर-अजमेर वंदे भारत रेलगाड़ी से दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा झूठ बोलकर देश को कमजोर किया है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत मजबूत हुआ है। कांग्रेस के हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के बारे पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुडा पहले अपने 10 साल के कार्यकाल का हिसाब तो दें। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में गरीब व्यक्ति की थानों में प्राथमिक सूचना रिपोर्ट तक नहीं दर्ज होती थी। गरीबों को नौकरी नहीं मिलती थी, किसानों को फसल खराबे का उचित मुआवजा नहीं मिलता था और फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी नहीं मिलता था ।श्री नायब सिंह ने कहा कि आज हरियाणा में 14 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होती है। गरीब से गरीब व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने संविधान पर बड़ा झूठ बोलकर अपमान किया। बार-बार दिल्ली में बैठकों के बारे में पूछे जाने वाले प्रश्न के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्रियों से कई योजनाओं पर चर्चाओं के लिए सभी राज्यों के मुख्यमंत्री दिल्ली जाते रहते हैं, इसीतरह वह भी जा रहे हैं ।चुनाव बारे पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हरियाणा में शीघ्र ही विधानसभा चुनाव होने हैं और BJP तीसरी बार प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी।

....

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ वी.पी.यादव ने सभी विद्यालयों से शैक्षिक सत्र 2024-25 हेतु कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में सीधा प्रवेश लेने वाले अथवा विद्यालय बदलने वाले छात्रों के अनिवार्य दस्तावेज प्रवेश दिए जाने की तिथि से

एक माह तक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाईट पर दिए गए लिंक पर अपलोड करने को कहा है।उन्होंने बताया कि कक्षा दसवीं में दाखिला लेने के लिए कक्षा नौवीं अथवा दसवीं की अंकतालिका, स्थान छोड़ने का प्रमाण पत्र एवं, स्थानांतरण और प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति अपलोड करनी होगी ।उन्होंने बताया कि अन्य राज्यों से आने वाले छात्रों का सक्षम अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित स्थान छोड़ने का प्रमाण पत्र , स्थानांतरण प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा । डॉ० यादव ने बताया कि इसी तरह कक्षा बारहवीं में दाखिला लेने हेतु कक्षा दसवीं का प्रमाण पत्र, कक्षा ग्यारहवीं अथवा बारहवीं की अंकतालिका, स्थान छोड़ने का प्रमाण पत्र , स्थानांतरण प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति एवं अन्य राज्यों से आने वाले छात्रों की सक्षम अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित प्रतियां अपलोड करना जरूरी है। इसके अतिरिक्त विद्‍यालय ऐसे सभी छात्रों के माता-पिता से नोटरी से सत्यापित शपथ पत्र लेकर भी साथ में अपलोड करेंगे ।